



## एसएमडीसी में गांव से लेकर शहर तक पार्टी से जुड़े नेताओं को किया गया था शामिल

# शाला प्रबंधन समिति से नेताओं की छुट्टी, अब संभालेंगे स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शाला प्रबंधन समितियों से नेताओं की छुट्टी कर दी गई है। अब उन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के पालक ही इस कमेटी की जिम्मेदारी संभालेंगे। शासन के इस फरमान से नेताओं में नाराजगी देखी जा रही है। गांवों से लेकर शहरों में भी हर स्कूल में गठित कमेटी में नेताओं को बतौर अध्यक्ष शामिल किया गया था। इसके लिए बाकायदा आदेश हुआ था। अब इसमें पूरी तरह से बदलाव कर दिया गया है। इस कमेटी का गठन जुलाई के आखिरी तक करना है।

**खास बात**

- शासन के फरमान से नेताओं में नाराजगी, जुलाई में कमेटी का होगा गठन




सरकारी स्कूलों में स्कूल संचालन और विकास की व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। अब स्कूलों में पूर्व में गठित स्कूल प्रबंधन एवं विकास समिति यानी एसएमडीसी के स्थान पर केवल स्कूल प्रबंधन समिति यानी एसएमसी का गठन किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नई गाइडलाइन जारी कर दी है, जिसके तहत स्कूलों के प्रबंधन में अभिभावकों की भागीदारी को प्रमुखता दी गई है। इस समिति में 50 फीसदी महिला सदस्यों का होना अनिवार्य किया गया है।

इस नई व्यवस्था के अनुसार प्रत्येक विद्यालय में स्कूल खुलने के एक माह के भीतर स्कूल प्रबंधन समिति यानी एसएमसी का गठन करना अनिवार्य होगा। इस समिति में 75 प्रतिशत सदस्य उन अभिभावकों को बनाया जाएगा, जिनके बच्चे संबंधित स्कूल में अध्ययनरत हैं। समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन भी इन्हीं पालक सदस्यों में से किया जाएगा। इसके तहत एक को अध्यक्ष तो वहीं दूसरे अभिभावक सदस्य को उपाध्यक्ष बनाया जाएगा। गाइडलाइन के अनुसार समिति की कुल सदस्य संख्या में कम से कम 50 प्रतिशत महिलाओं का होना आवश्यक होगा। शेष 25 फीसदी सदस्यों में जनप्रतिनिधि, शिक्षक, शिक्षाविद तथा अन्य संबंधित प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। समिति के गठन के बाद पहली बैठक एक सप्ताह के भीतर आयोजित करनी होगी, जिसमें अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। इसके बाद प्रत्येक माह कम से कम एक बैठक आयोजित करना अनिवार्य होगा। समिति का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। किसी सदस्य को एक अतिरिक्त कार्यकाल के लिए पुनर्नियुक्त किया जा सकेगा, लेकिन कोई भी सदस्य लगातार दो कार्यकाल से अधिक पद पर नहीं रह सकेगा।

### दर्ज संख्या से तय होगी सदस्य संख्या

नई व्यवस्था में विद्यालय की छात्र संख्या के आधार पर समिति के सदस्यों की संख्या निर्धारित की गई है। जिसके तहत 100 तक छात्र संख्या वाले विद्यालयों में 12 से 15 सदस्य, 100 से 500 विद्यार्थियों वाले विद्यालयों में 15 से 20 सदस्य, 500 से अधिक छात्र संख्या वाले विद्यालयों में 20 से 25 सदस्य होंगे। शासन का मानना है कि नई व्यवस्था के लागू होने से सरकारी स्कूलों के प्रबंधन में अभिभावकों की सीधी भागीदारी बढ़ेगी और विद्यालयों की आवश्यकताओं तथा विकास कार्यों में स्थानीय स्तर पर अधिक जवाबदेही सुनिश्चित होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### 1 लाख तक करा सकते हैं निर्माण

विद्यालयों में एक लाख तक की लागत वाले निर्माण एवं मरम्मत कार्य समिति स्वयं या अन्य एजेंसियों के माध्यम से करा सकेगी। इसके तहत शौचालयों के निर्माण एवं मरम्मत, बिजली व्यवस्था, पंखों तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास पर कार्य किया जा सकेगा।

23 जून को शासन स्तर पर एक बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें बताया गया है कि इसमें कुछ आंशिक संशोधन करने को लेकर विचार हो रहा है। संशोधन आदेश मिलने के बाद प्रक्रिया आरंभ की जाएगी।

**श्यामानंद साहू, डीईओ**

## खबर संक्षेप



### निगम आयुक्त ने लिया सौदर्यीकरण का जायजा

**रायगढ़।** निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने शनिवार को शहर के फटहामुड़ा, मिट्ठूमुड़ा एवं छातामुड़ा क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था तथा विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने तथा नागरिक सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने फटहामुड़ा एवं मिट्ठूमुड़ा क्षेत्र में नियमित सफाई, नालियों की सफाई, कचरा संग्रहण तथा स्वच्छता व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के मौसम को देखते हुए जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए नालियों की नियमित सफाई एवं स्वच्छता कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इसके पश्चात आयुक्त ने छातामुड़ा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने छातामुड़ा डिवाइडर निर्माण कार्य तथा आईएसबीटी परिसर में प्रगति पर चल रहे कार्यों का अवलोकन कर निर्माण की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं कार्य की गति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित एजेंसी एवं अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने कहा शहर की स्वच्छता और आधारभूत सुविधाओं का बेहतर विकास निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे हों तथा नागरिकों को बेहतर एवं सुरक्षित अधोसंरचना उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करना सभी संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। बरसात के मौसम को देखते हुए साफ सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। आयुक्त ने सभी अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड निरीक्षण कर कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करने तथा किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### तीन माह से लापता बालिका बरामद, भगाने वाला युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरा रोड थाना क्षेत्र निवासी नाबालिग बालिका को पुलिस ने तीन माह बरामद किया है। उसे बहलाफुसला कर भगा ले जाने वाले युवक को भी गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसर बीते 27 अप्रैल को बालिका के पिता ने कोतरारोड़ थाने में उनकी नाबालिग बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 25 अप्रैल की रात परिवार के सभी सदस्य घर में सोए हुए थे। जब वे देर रात लगभग 2 बजे उठे तब घर का मुख्य दरवाजा खुला मिला तथा उनकी नाबालिग पुत्री घर में नहीं थी। उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बालिका का पता नहीं चला। ऐसे में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका व्यक्त करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 137(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। इसी बीच तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पहले बालिका के विशाखापट्टनम में होने की जानकारी मिली। पुलिस टीम रवाना होने की तैयारी कर रही थी कि इसी बीच लोकेशन ओडिशा के संबलपुर में प्राप्त हुई। पुलिस टीम संबलपुर के लिए रवाना हुई, लेकिन रास्ते में ही बालिका का लोकेशन पुनः बदल गया। लगातार तकनीकी निगरानी और सूचनाओं के आधार पर पुलिस टीम ने 26 जून को कोड़ातराई क्षेत्र में दबिश देकर नाबालिग बालिका को संदेही धीरज निराला उर्फ नानू 19 वर्ष के कब्जे से बरामद किया गया। बालिका ने अपने बयान में बताया कि आरोपी द्वारा शादी का प्रलोभन देकर विशाखापट्टनम और बाद में ओडिशा के संबलपुर ले जाया गया, जहां उसके साथ शारीरिक शोषण किया गया।

## सड़क किनारे अचेत मिले बुजुर्ग की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़।** भूपदेवपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक बुजुर्ग साइकिल सवार सड़क किनारे गंभीर अवस्था में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से बुजुर्ग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चपले ले जाया गया। किंतु अस्पताल पहुंचने से पहले ही बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की बाहरी चोट के स्पष्ट निशान नहीं पाए गए हैं।



पूछताछ के दौरान ग्रामीणों ने मृतक की पहचान ग्राम बिलासपुर निवासी शंकर लाल साहू उर्फ कोदा के रूप में की। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बुजुर्ग की मौत किसी सड़क दुर्घटना, अचानक तबीयत बिगड़ने या अन्य किसी कारण से हुई है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। मामले में पोस्टमार्टम कराया जाएगा, जिसके बाद मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## 15 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार


**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने ग्राम बेलजोर में अवैध महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2), 59(क) के तहत कार्रवाई की गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बेलजोर निवासी अनंतराम भुईहर अपने मकान बाड़ी में अवैध रूप से हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब बिक्री के लिए रखा हुआ था। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर शराब पी रहे कुछ लोग मौके से भाग निकले। मौके पर मौजूद व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अनंतराम भुईहर पिता लक्ष्मण भुईहर 62 वर्ष निवासी ग्राम बेलजोर बताया तथा अवैध महुआ शराब रखना एवं बिक्री करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब बरामद कर जब्त की गई है।

## रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण कार्य की फिर बढ़ी डेडलाइन, अब जुलाई तक टारगेट

**रायगढ़।** रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, लेकिन यह कार्य इतनी धीमी गति से चल रहा है कि फिर से इस कार्य को पूर्ण करने के लिए डेडलाइन बढ़ानी पड़ गई है। बताया जा रहा है कि अब 31 जुलाई तक इस कार्य को पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया है।



गौरतलब है कि रायगढ़ रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत चल रहे कार्यों में कई बार अधिकारियों के द्वारा अपने निरीक्षण के दौरान संबंधित ठेकेदार व जिम्मेदार अधिकारियों को समय पर काम पूरा करने के लिए निर्देशित किया, लेकिन इसके बाद भी यह कार्य समय पर पूरा नहीं किया जा सका। बता दें कि इस कार्य को जून माह तक पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया था, किंतु तय समय में यह कार्य पूरा नहीं किया जा सका। स्थिति यह है कि अब भी कई तरह के कार्य बचे हुए हैं, जिसमें टिकट काउंटर का अब भी आधे से कार्य शेष है, इसी प्रकार यात्री प्रतिक्षालय भी आधा अधूरा है। साथ ही बाहरी सौंदर्यीकरण कार्य भी अधर में लटका हुआ है। मुख्य बात यह है कि इस परियोजना के तहत किए जा रहे कार्यों को काफी पहले ही समाप्त हो जाना चाहिए था, लेकिन यहां काफी धीमी गति से कार्य चल रहे हैं। जिसकी वजह से अब तक कई तरह के कार्य आधे अधूरे हैं। कार्यो की धीमी गति को देखते हुए ही कई बार कार्य पूर्ण करने की डेडलाइन कई बार बढ़ाई गई, किंतु इसके बाद भी ठेकेदार तय समय पर काम पूरा नहीं कर सका। ऐसी स्थिति में फिर से डेडलाइन बढ़ाई गई। इस संबंध में गति शक्ति प्रोजेक्ट के अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि जून माह तक यह कार्य पूरा करना था, लेकिन कई बचे हुए कार्यों को देखते हुए 31 जुलाई तक सभी कार्य पूर्ण करने को लेकर निर्देशित किया गया है।




**घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के छर्राटांगर के डोकरबुड़ा गांव का मामला**

## रिहायशी इलाके में घुसे गजराज ग्रामीणों की भीड़ में घंटों फंसे रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा वन क्षेत्र अंतर्गत छर्राटांगर के डोकराबुड़ा गांव में शनिवार सुबह उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब दो गजराज जंगल से अचानक रिहायशी इलाके में पहुंच गए। हाथियों के गांव में प्रवेश करने की खबर से बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। उत्सुकता और भय के कारण लोग हाथियों को देखने के लिए आसपास जमा हो गए, जिससे दोनों वन्यजीव चारों ओर से घिर गए और गांव तथा खेत-खलिहानों के बीच घंटों फंसे रहे। इस दौरान कई ग्रामीण तरह तरह की तेज आवाजों के साथ हाथियों को डराते भी नजर आ रहे थे। हालांकि जिस तरह से ग्रामीणों द्वारा हाथियों को दौड़ाया जा रहा है वह खतरे से खाली नहीं है। ऐसे करते वक्त यदि हाथी गुस्सा गए और लोगों की ओर दौड़ने लगे तो परेशानी बढ़ सकती थी।

हाथी सुरक्षित रास्ता तलाशते हुए गांव से बाहर निकलने की कोशिश करते रहे, लेकिन चारों ओर मौजूद भीड़, शोर-शराबा और लोगों की लगातार आवाजाही के कारण वे असमंजस की स्थिति में इधर-उधर भटकते रहे। इस दौरान हाथियों के उत्तेजित होने और किसी भी समय अप्रिय घटना घटने की आशंका बनी रही, जिससे ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों की मौजूदगी से पूरे क्षेत्र में भय का वातावरण बन गया था। कई लोगों ने एहतियातन अपने बच्चों और मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया, जबकि खेतों की ओर जाने वाले लोगों ने भी आवाजाही सीमित कर दी गई। हाथियों के व्यवहार को देखते हुए गांव में लंबे समय तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। इधर इस घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। वन अमले ने सबसे पहले ग्रामीणों को हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने और भीड़ नहीं लगाने की समझाइश दी।



### हो सकते थे आक्रामक

ग्रामीणों की इस हरकतों की वजह से हाथियों के आक्रामक होने की आशंका बनी हुई थी। वन विभाग की टीम ने भीड़ को नियंत्रित कर हाथियों के लिए सुरक्षित मार्ग तैयार करने का प्रयास किया, ताकि उन्हें बिना किसी तनाव के वापस जंगल की ओर भेजा जा सके। अधिकारियों ने बताया कि हाथियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ समय से घरघोड़ा और उससे लगे वनांचल क्षेत्रों में हाथियों की आवाजाही में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। भोजन और पानी की तलाश में हाथियों का आबादी वाले क्षेत्रों की ओर रुख करना अब आम बात होती जा रही है। इससे पहले भी कई गांवों में हाथियों के पहुंचने, फसलों को नुकसान पहुंचाने और मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।


PREMIER ACADEMY
सर्वश्रेष्ठ संस्थान
सच्चे परिणाम
TOPPERS की पहली पसंद PREMIER ACADEMY बिलासपुर
Directors
Dr. Ranit Gumber
Jayesh Gumber
ADMISSION OPEN FOR 2026-27
Offline Batch
DROPPER BATCH
NEET/IIT-JEE
FOR 12TH PASSED STUDENT
2 YEAR PROGRAM
CLASS-11th+12th
SCHOOL + COACHING
1 YEAR PROGRAM
CLASS-12th
SCHOOL + COACHING
FOUNDATION
CLASS
7th TO 10th
NEET 2024/25
में 70+ छात्र Govt. Medical College के लिए प्रवेशित
SAINI RANJAN DAS AIIMS BHUBANESWAR
S.MEENAL JNM RAIPUR
GUNGUN SINGH GMC Kanpur
RIYA MISHRA GMC DELHI
BIRENDRA GMC GWALIOR
SHIVAM SAHU GMC JABALPUR
ASHUTOSH PT. JNM RAIPUR
ADITYA KURREY PT. JNM RAIPUR
SANDHYA SAHU PT. JNM RAIPUR
RISHI SHEKHAR CIMS BILASPUR
AKANKSHA CIMS BILASPUR
REKHA CIMS BILASPUR
LOKESH JAISWAL GMC RAJNANDGAON
SHWETA GMC RAJNANDGAON
PRIYANKA GMC RAJNANDGAON
MAMTA NETAM GMC JAGDALPUR
UPENDRA GMC JAGDALPUR
CHANDRADEV GMC AMBIKAPUR
GAGAN SINGH GMC AMBIKAPUR
ANJANA BHAGAT GMC AMBIKAPUR
NANDINI GMC AMBIKAPUR
ARCHI SAHU GMC AMBIKAPUR
SHRISHTI MINJ GMC AMBIKAPUR
AISH RAJ GMC AMBIKAPUR
SNEHA TIGGA CCMC DURG
VOMESHWARI CCMC DURG
C.G. BOARD ONLINE BATCH
स्कैन करें
ऑनलाइन क्लास ज्वाइन करने के लिए
हिन्दी माध्यम ऑनलाइन बैच
कक्षा 11th & 12th CG Board
PHYSICS
CHEMISTRY
MATHS
BIO
हिन्दी माध्यम / ENGLISH MEDIUM
Class 10th CG Board
MATHS
SCIENCE
SOCIAL SCIENCE
Class 10th Board Topper's
7 STATE RANK 98% MAOSAMI
7 STATE RANK 98% LEENA
8 STATE RANK 97.83% VIBHA
ABHYUDAY 97%
NEETU 96.4%
VED PANDIYA 96%
AKSHAT 95.6%
SHTAKSHI 94.6%
RISHIKA 94%
PAWNI PATEL 94%
ARUSHI 94.%
ANAMIKA 93.6%
RAGHAVAN 93.6%
NIMRIT 93%
PRERNA SAHU 97.2%
SAKSHI KASHYAP 97.2%
KUSUM SAHU 97%
SARITA PATEL 97%
GARIMA PAIKRA 97%
HIMANSHU SINHA 97%
DANESHWARI 96.8%
Main Branch - Gumber Complex, In Front Of Old High Court, Bilaspur
Mangla Branch - Bachpan School Campus, Opp. 36 Mall, Mangla Chowk Bilaspur
Sarkanda Branch - Beside Palm Enclave, Seepat Road, Sarkanda Bilaspur
8902987789
6260618880
Follow us on
@PREMIER_ACADEMY_CG

## खबर संक्षेप

### परीं तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए वित्त मंत्री जताया आभार



**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर क्षेत्र के परीं तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 1 करोड़ 22 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। इस स्वीकृति के बाद नगर में हर्ष का माहौल है। 25 जून 2026 को जारी आदेश के अनुसार एनटीपीसी लारा से प्राप्त सीएसआर मद की राशि से पुसौर के परीं तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए एक करोड बाईस लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति पुसौर सीएमओ के प्रस्तुत तकनीकी स्वीकृति मय प्रस्ताव के आधार पर दी गई है। कार्य एजेंसी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पुसौर ही रहेगी। इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी एवं उपाध्यक्ष उमेश साव ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार जताया है।

### सेवा सेतु ने आसान की राह, सांगीतराई के दुर्गा को घर बैठे मिला विवाह प्रमाण पत्र



**रायगढ़।** डिजिटल सेवाओं के विस्तार की दिशा में संचालित सेवा सेतु पोर्टल आम नागरिकों के लिए सुविधाओं का नया माध्यम बनकर उभरा है। रायगढ़ ब्लॉक के ग्राम सांगीतराई के दुर्गा सिदार सिदार इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं, जिन्हें सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से विवाह पंजीकरण एवं विवाह प्रमाण पत्र की सुविधा का लाभ मिला। दुर्गा सिदार ने बताया कि विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने तथा आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी करने के लिए उन्हें विवाह प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। पहले ऐसे दस्तावेज बनवाने के लिए कार्यालयों के कई चक्कर लगाने पड़ते थे, जिससे समय और धन दोनों खर्च होते थे। इसी दौरान उन्हें सेवा सेतु पोर्टल की जानकारी मिली, जिसके माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध थी। उन्होंने आवश्यक दस्तावेजों के साथ पोर्टल पर आवेदन किया और निर्धारित प्रक्रिया के तहत कुछ ही दिनों में उनका विवाह प्रमाण पत्र जारी हो गया। इससे उन्हें बिना किसी अनावश्यक भागदौड़ के समय पर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त हो गया।

### पार्षद की अनुशंसा से मंगल भवन में लगा आरओ गायब




**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के पिछले कार्यकाल के दौरान बाजार परिसर स्थित मंगल भवन में लगाए गए लगभग 50 हजार का वाटर आरो प्लांट गायब होने का मामला सामने आया है। यह आरओ तत्कालीन निर्दलीय पार्षद पुष्पा बेहरा की अनुशंसा पर लगवाया गया था। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के पिछले कार्यकाल में स्थानीय लोगों की मांग पर मंगल भवन में शुद्ध पेयजल हेतु एक वाटर आरो लगाए जाने का प्रस्ताव रखा गया था। इस मांग पर तत्कालीन निर्दलीय पार्षद पुष्पा बेहरा ने अपनी अनुशंसा दी। अनुशंसा के आधार पर नगर पंचायत प्रबंधन ने लगभग 50 हजार रुपए की लागत से वाटर आरो प्लांट मुहैया कराया। रिकॉर्ड के मुताबिक पार्षद पुष्पा बेहरा द्वारा संतुष्टि प्रमाण पत्र भी जारी किया गया। जिससे यह दर्शाया गया कि आरो स्थापित कर दिया गया है। लेकिन अब जब मामले की पड़ताल की गई तो मंगल भवन में उक्त वाटर आरो प्लांट मौजूद ही नहीं है। स्थानीय लोगों और जानकारों का कहना है कि मंगल भवन में कभी भी वाटर आरो लगाते हुए किसी ने नहीं देखा और न ही किसी ने उस आरो का पानी उपयोग किया है। परिसर में कहीं भी आरो प्लांट या उससे जुड़ा कोई ढांचा नजर नहीं आ रहा है। इस पूरे मामले के सामने आने के बाद नगर में चर्चा का बाजार गर्म है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि यदि वाटर आरो लगाया ही नहीं गया तो 50 हजार की शासकीय राशि कहां गई इसका दुरुपयोग किस स्तर पर हुआ।

### खंड शिक्षा कार्यालय पुसौर बना एक म्यान में दो तलवार




**पुसौर।** पुसौर खंड शिक्षा कार्यालय इन दिनों प्रशासनिक आदेशों का अजीब उदाहरण बना हुआ है। यहां एक साथ दो-दो बीईओ की पदस्थापना से जनता और शिक्षकों में असमंजस है। लोग पूछ रहे हैं कि आखिर पुसौर का असली बीईओ कौन है। कुछ माह पहले पुसौर में दिनेश पटेल बीईओ के पद पर पदस्थ थे। उनके कार्यकाल के दौरान ही शासन ने उनके स्थान पर शैलेष देवांगन को बीईओ नियुक्त कर दिया। दिनेश पटेल ने अपने पद और अधिकारों के लिए न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। ऐसे में शैलेश देवांगन को ही पुसौर बीईओ का प्रभार मिला। अब शैलेष देवांगन ने कुछ माह तक बीईओ का कार्यभार संभाल, लेकिन वर्तमान में शैलेष देवांगन के अवकाश पर चले जाने की स्थिति में बी पटेल ने बीईओ का पदभार ग्रहण कर लिया है।

फ्लोरा मैक्स चिटफंड ठगी का है मामला, धरमजयगढ़ पुलिस की कार्रवाई

# स्व-रोजगार और बैंक लोन के नाम पर 165 महिलाओं से ठगी, दो फरार ठग गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

धरमजयगढ पुलिस ने स्व रोजगार और बैंक लोन के नाम पर 165 ग्रामीण महिलाओं के साथ करीब 49.50 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में दो अन्य फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी फ्लोरा मैक्स चिटफंड कंपनी के ही सदस्य हैं। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चैनपुर निवासी बाल कुमारी राठिया ने 05 दिसंबर 2024 को धरमजयगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि फ्लोरा मैक्स कंपनी के संचालकों ने महिलाओं को स्व-रोजगार एवं अधिक मुनाफे का झांसा देकर व्यवसाय से जोड़ने का लालच दिया। आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को समूह बनाकर बैंक से ऋण दिलाया गया तथा उनके नाम पर दुकानें खुलवाई गईं, लेकिन व्यवसाय एवं आय पर कंपनी के संचालकों ने कब्जा कर लिया। महिलाओं को प्रतिमाह 2 हजार 700 भुगतान का वादा भी पूरा नहीं किया गया, जिससे उन पर बैंक ऋण का भारी बोझ आ गया। इस प्रकरण की जांच में सामने आया कि कंपनी के डायरेक्टर डायरेक्टर अखिलेश सिंह पिता हरपाल सिंह, राजू सिंह पिता हरपाल सिंह और गुड़िया देवी राजपूत पति राजू सिंह एवं शाह डायरेक्टर बलराम बंजारा श्याम सिंह राजपूत और सहयोगियों ने धरमजयगढ़ क्षेत्र के चैनपुर, सिथरा, जबगा एवं जमाबीरा गांव की 165 महिलाओं से लगभग 49 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी की थी। शिकायत के आधार पर धोखेबाजों के खिलाफ धारा 318(2), 318(4), 336, 3(5) तथा छत्तीसगढ़ निक्षेपकों का संरक्षण अधिनियम एवं ईनामी चिट एवं धन परिचालन स्कीम (प्रतिबंध) अधिनियम, 1978 की संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

#### ब्रांच खोलकर ठगी

आरोपियों ने वहां एक ब्रांच खोलकर स्व-रोजगार योजना अंतर्गत अत्याधिक लाभ अर्जित करने विभिन्न व्यवसाय में संलग्न करने के लिए प्रेरित किया। डायरेक्टर अखिलेश सिंह ने अपनी कम्पनी में निवेश करने के लिए विभिन्न व्यवसाय में संलग्न करने का प्रस्ताव रखा गया और प्रति महिलाओं से 30 हजार रूपये जमा करने का कहा गया। अखिलेश सिंह द्वारा 10-10 महिलाओं का समूह बनाकर लगभग 165 महिलाओं को जोड़ा गया और व्यवसाय के लिए विभिन्न बैंकों से प्राप्त महिलाओं को 30 हजार का ऋण दिलाया गया, साथ ही महिला समूहों को व्यवसाय के संचालन के लिए विभिन्न स्थानों पर दुकानें संचालित करवाई गई। धरमजयगढ में दुकान खुलवाकर, दुकान से प्रतिदिन क्रय-विक्रय किया जाता रहा और संचालित दुकान से जो आय हुआ उसे अखिलेश सिंह द्वारा अपने पास रख लिया गया। प्रत्येक महिला को प्रतिमाह रूपये 2 हजार 700 देने का प्रलोभन दिया गया था। किंतु अखिलेश सिंह द्वारा उक्त राशि अर्जित कर लेने के पश्चात भी कोई राशि का भुगतान नहीं किया गया।

#### इन आरोपियों के खिलाफ की जा चुकी है कार्रवाई

प्रकरण में शिकायत दर्ज होते ही धरमजयगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कंपनी से जुड़ी मंजू चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उसके कब्जे से स्कूटी, महिलाओं की जमा राशि की रसीदें, रजिस्टर, बैंक लोन संबंधी दस्तावेज एवं कंपनी की प्रचार सामग्री जब्त की गई थी। विवेचना के दौरान अन्य आरोपी अखिलेश सिंह राजू सिंह और गुड़िया देवी के जिला कोरबा के धोखाधड़ी मामले में जिला कोरबा में जेल में निरूद्ध होने की जानकारी पर आरोपियों की औपचारिक गिरफ्तार किया जा चुका है। लंबे समय से फरार आरोपियों की तलाश में धरमजयगढ़ पुलिस लगातार पतासाजी कर रही थी। इसी बीच पुलिस ने श्याम सिंह राजपूत, पिता स्व. सीताराम सिंह राजपूत को उसके निवास हथनेवरा तथा बलराम बंजारा उर्फ बल्लू, पिता कार्तिक राम बंजारा को खरसिया क्षेत्र से हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपने अपराध में संलिप्तता स्वीकार की।

## ओम हाइट्स अपार्टमेंट में सूने फ्लैट में सेंध चोरी की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़




■ साइबर सेल, एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की संयुक्त टीम मौके पर, चक्रधरनगर थाना क्षेत्र का मामला

शहर के चक्रधरनगर थाना क्षेत्र स्थित ओम हाइट्स अपार्टमेंट के एक बंद पड़े फ्लैट में चोरी की घटना सामने आई है। सूचना मिलते ही पुलिस, साइबर सेल, एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार अपार्टमेंट के तीसरे तल पर स्थित फ्लैट नंबर 301 रेशम उद्योग विभाग से सेवानिवृत्त राकेश श्रीवास्तव का है। बताया जा रहा है कि वे पिछले वर्ष अक्टूबर से अपनी पत्नी के साथ उपचार के सिलसिले में मुंबई में रह रहे हैं। उनकी गैरमौजूदगी में मकान की एक चाबी घरेलू सहायिका चंद्रकांति देवांगन के पास थी, जो समय-समय पर घर की साफ-सफाई के लिए आती थी। शनिवार सुबह जब घरेलू सहायिका नियमित रूप से सफाई करने के लिए फ्लैट पहुंची तो घर के भीतर का नजारा देखकर वह सन्न रह गई। अलमारी खुली हुई थी और सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही चक्रधरनगर थाना पुलिस, साइबर सेल, एफएसएल विशेषज्ञों और डॉग स्क्वॉड की टीम ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। साथ ही तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल मकान मालिक के रायगढ़ लौटने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि घर से कौन-कौन सी कीमती वस्तुएं या कितनी संपत्ति चोरी हुई है। पुलिस का कहना है कि परिजनों से पूछताछ और सूची मिलने के बाद चोरी गए सामान का विस्तृत ब्यौरा सामने आएगा।

घरेलू सहायिका की रिपोर्ट पर थाना चक्रधरनगर में अज्ञात आरोपी के खिलाफ नकबजनी का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का दावा कर रही है।

## शाउमावि चांदमारी में उन्मुखीकरण और क्षमतावर्धन के लिए बैठक



**रायगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी रायगढ़ में चांदमारी परिसर अंतर्गत तीनों शालाओं शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी रायगढ़ के समस्त शिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ की बैठक प्रभारी प्राचार्य भरत लाल नामदेव की अध्यक्षता में भारत माता के जयघोष के साथ प्रारंभ हुआ। यह बैठक शिक्षकों एवं स्टाफ के उन्मुखीकरण एवं उनकी क्षमतावर्धन हेतु रखा गया था। बैठक में प्राचार्य भरत लाल नामदेव ने विगत सप्ताह हुई बैठक बिंदुओं के क्रियान्वयन पालन की समीक्षा करते हुए सीजीवीएस के एप में प्रतिदिन आनलाइन अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराने, विद्यार्थी विवरण, अवकाश विवरण, शिक्षक रिपोर्ट, ड्यूटी रिपोर्ट आदि की प्रविष्टि सुनिश्चित करने और दृढ़ता से उसके पालन करने हेतु निर्देशित किया। संकुल शैक्षिक समन्वयक सन्नी खाण्डे ने बाल सदन के गठन एवं कार्य विभाजन बिंदु पर सभी को अवगत कराया। तत्पश्चात प्राचार्य के निर्देश अनुसार प्रधान पाठक शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला रायगढ़ डॉ.मनीषा त्रिपाठी ने बैठक में अन्य बिंदुओं यथा नवीन शाला प्रबंधन एवं विकास समिति गठन, शालेय पंजियों का संधारण एवं रख रखाव, कक्षा सजावट करना, शिक्षकों द्वारा सहायक शिक्षण सामग्री निर्माण, कक्षा कक्ष में गणित एवं विज्ञान का कोना स्थापित करने, पुस्तकालय हेतु समय सारिणी में आवश्यक रूप से कालखंड होने एवं पुस्तकालय की पुस्तकों को विद्यार्थियों को वितरित कर स्व अध्ययन हेतु प्रेरित करने, बाल श्रम निषेध का पूर्णतया पालन करने, माध्यमिक खंड के मध्यान्ह भोजन मीनू का दीवार पर प्रदर्शन करने, सहयोगी स्टाफ स्वीपर, रसोइया को प्राचार्य को लिखित आवेदन देकर अवकाश पर जाने एवं अवकाश की प्रविष्टि पंजी में करने समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

## बलिदान दिवस पर घरघोड़ा में पौधरोपण



**घरघोड़ा।** राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले महान राष्ट्रवादी नेता, शिक्षाविद एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल घरघोड़ा द्वारा अम्बेडकर चौक में भव्य पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेते हुए पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके राष्ट्रहित में दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी को लेकर भी जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में भाजपा घरघोड़ा मंडल अध्यक्ष राजेश पटेल, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष अम्बिका सोनवानी, आकाश बंजारे, विक्की साहू, घनश्याम खांडे, टिंकू स्वर्णकार, राजू लहरे, बंटी महंत सहित भाजपा एवं मोर्चा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे पंडित का संघर्ष आज भी प्रेरणा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष अम्बिका सोनवानी ने कहा कि पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक नेता नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद की जीवंत पहचान थे। उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। जम्मू कश्मीर में अलग व्यवस्था के विरोध में उनका संघर्ष भारतीय इतिहास के स्वर्णिम अध्यायों में दर्ज है। उनका बलिदान हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्रहित से बड़ा कोई स्वार्थ नहीं हो सकता।

## कुपोषण दूर करने कलेक्टर ने स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग क़ो दिया लक्ष्य



**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने शुक्रवार क़ो जिले के सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम बड़े खैरा और छुहीपाली के आंगनबाड़ी केंद्र का दौरा किया। दौरे में जाते समय कलेक्टर ने जिला पंचायत भवन के निर्माण की प्रगति का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बाल चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर माताओं और बच्चों के कुपोषण कैसे होता है और कुपोषण क़ो कैसे दूर किया जा सकता है के बारे में कलेक्टर ने स्वयं और डॉक्टर तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने बारी बारी से ग्रामीण महिलाओं क़ो समझाया। कलेक्टर की उपस्थिति में डॉक्टर ने माताओं और बच्चों के कुपोषण जांच किया। कलेक्टर ने कहा कि जिला हॉस्पिटल में सुपोषण केंद्र संचालित हैं, वहां सीमित समय अवधि में रखकर बच्चों के कुपोषण क़ो दूर किया जाता है, जो निःशुल्क है। साथ ही उस समय अवधि तक का सरकार द्वारा सहयोग राशि भी दिया जाता है। उन्होंने मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिका क़ो निर्देश दिए कि जरूरतमंद सभी कुपोषित महिलाओं और बच्चों क़ो सुपोषण केंद्र भेजनें के लिए परिवार के साथ मिलकर उन्हें कुपोषण से हानि की जानकारी और सुपोषण केंद्र से लाभ के बारे में समझाने के निर्देश दिए। साथ ही समय समय पर टीकाकरण क़ो अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। वहीं देखा जाए तो जिले से कुपोषण क़ो दूर करने कलेक्टर ने स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग क़ो लक्ष्य दिया है। इस अवसर पर जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारीए महिला एवं बाल विकास अधिकारी आदि मौजूद थे।

## आवासीय परिसरों में रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट करें स्थापित



■ सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक हो उपयोग

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य घर-घर में सौर ऊर्जा का उपयोग कर बिजली बिल में कमी लाना है। इस योजना के तहत, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के सभी उपभोक्ताओं को अपने आवासीय परिसरों में रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने की सलाह दी जाती है।

सोलर प्लांट की क्षमता के अनुसार केन्द्र और राज्य शासन द्वारा अनुदान दिया जाएगा। जैसे 1 केव्ही प्लांट के लिए 45,000 रूपए दिया जाएगा। जिसमें केन्द्र का 30 हजार और राज्य 15 हजार अनुदान होगा। इसी प्रकार 2 केव्ही प्लांट के लिए 90,000 रूपए है। इनमें केन्द्र का 60,000, राज्य का 30,000, 3 केव्ही प्लांट या अधिक के लिए 1,08,000 इनमें केन्द्र का 78,000, राज्य 30,000 अनुदान होगा। बैंक द्वारा लोन की सुविधा 3 केव्ही तक क्षमता के सोलर प्लांट के लिए 6 प्रतिशत ब्याज दर पर 10 वर्षों के लिए लोन उपलब्ध है, जिसका मासिक ईएमआई सामान्य मासिक बिल से कम है। पीएम सूर्यघर मुक्त बिजली योजना ऑनलाइन पोर्टल पर लॉग ऑन कर या नजदीकी वितरण केन्द्रों, उप-संभाग, संभागीय कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## श्रीराम सेल्स के दो गोदाम सील, दस्तावेज दिखाने के निर्देश



**पत्थलगांव।** कृषि विभाग पत्थलगांव ने श्रीराम सेल्स अंबिकापुर रोड पत्थलगांव की रायगढ़ व अंबिकापुर रोड स्थित गोदाम को सील कर दिया है। साथ ही संबंधित दुकानदार क़ो दो दिवस के भीतर गोदाम से संबंधित दस्तावेज, धान, मक्का, जैविक खाद के बिल और प्रिंसिपल सर्टिफिकेट मांगा गया है। मिली जानकारी के अनुसार श्रीराम सेल्स अंबिकापुर रोड पत्थलगांव द्वारा रायगढ़ रोड स्थित गोदाम में धान बीज, मक्का बीज, जैविक खाद एवं अंबिकापुर रोड स्थित गोदाम में धान बीज का भण्डारण किया गया था। दोनों गोदामों का कृषि विभाग से अनुमति नहीं ली गई थी और न ही भण्डारण की सूचना दी गई थी। जिसके कारण दोनों गोदाम क़ो अवैध मानते हुए कृषि विभाग पत्थलगांव द्वारा सील किया गया है। साथ ही संबंधित दुकानदार क़ो दो दिवस में गोदाम से संबंधित दस्तावेज, धान, मक्का, जैविक खाद के बिल और प्रिंसिपल सर्टिफिकेट मांगा गया है। दस्तावेजों एवं सामग्री के सत्यापन के बाद विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में विभाग से आरके पैकरा अनुविभागीय अधिकारी, जीवन एक्का वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, मंत्री राम राठिया, जगसाय सिंह सिदार कृषि विकास अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर के मार्गदर्शन में शिक्षा गुणवत्ता के लिए पहल

# प्राचार्यों व शिक्षकों को दिया गया उन्मुखीकरण प्रशिक्षण



**इनकी रही उपस्थिति:** प्रशिक्षण कार्यक्रम में यशस्वी जशपुर के अवनीश पांडेय, मास्टर ट्रेनर्स संजय दास, राजेन्द्र प्रेमी, विजय साहू, अश्विनी सिंह, सुभाष चौरसिया, विनय कुमार मानिकपुरी, कुमुदिनी तिर्की, प्रभा चौहान, विंध्याचल शर्मा, दिलीप सिंह, भूमिका बाघव, कौशिल्या भट्टर, हितेंद्र साहनी उपस्थित रहे।

**जशपुरनगर।** जिला कलेक्टर रोहित व्यास एवं ज़िला पंचायत के सीईओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के संकल्प शिक्षण संस्थान में एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्राचार्यो व हिंदी, संस्कृत, गणित एवं सामाजिक विज्ञान के शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित हुआ।

यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने प्राचार्यों को नेतृत्व क्षमता एवं व्यक्तित्व विकास के विषय पर प्रशिक्षित किया। मास्टर ट्रेनर संजय दास ने मां सरस्वती की वंदना के साथ शिक्षकों की ब्रेनस्टॉर्मिंग से प्रशिक्षण दिया। फिर खराब परीक्षा परिणाम के कारणों पर चर्चा हुई। इस प्रशिक्षण में न केवल प्राचार्यों के ज्ञान को ताजा किया गया, बल्कि उन्हें एक बार फिर यह याद दिलाया कि स्कूल के शैक्षणिक प्रगति का निर्धारण प्राचार्य के कुशल नेतृत्व पर निर्भर करता है। प्राचार्य न केवल विद्यार्थियों के भाग्य विधाता ही नहीं बल्कि वे पूरे विद्यालय के लिए एक रोल मॉडल होते हैं।

#### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बनाएं लक्ष्य

नोडल अधिकारी ने कक्षा 10वीं में अध्यापन कराने वाले व्याख्याताओं को केवल वेतन प्राप्त करने के उद्देश्य से नौकरी करने और कर्तव्यबोध के साथ सेवा देने के बीच का अंतर समझाया। उन्होंने बताया कि नौकरी में व्यक्ति मुख्यतः अपने दायित्वों की औपचारिक पूर्ति करता है, जबकि सेवा भाव से कार्य करने वाला शिक्षक विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को अपना लक्ष्य मानता है। वह अपने कार्य को मात्र रोजगार नहीं बल्कि समाज निर्माण की जिम्मेदारी समझकर करता है। माइंड मैपिंग के अंतर्गत बेहतर प्रोडक्टिविटी के साथ कंफर्ट जोन से निकलकर कैसे ग्रोथ जोन में आकर विद्यालयीन शिक्षा गुणवत्ता वृद्धि की जा सकती है।

## जिले में एक हजार से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दो बूंद

**जशपुरनगर।** जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन रविवार 28 जून को किया जाएगा। अभियान के तहत जन्म से 5 वर्ष तक के 1 लाख 15 हजार 726 बच्चों को पोलियो की जीवनरक्षक खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

तीन दिवसीय अभियान के प्रथम दिवस 28 जून को जिले के सभी पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, जबकि 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक देगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए जिले भर में 1,205 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। इन बूथों पर स्वास्थ्य व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों सहित कुल 4,464 कर्मी सेवाएं देंगे, जबकि 224 सुपरवाइजर अभियान की सतत निगरानी करेंगे। बस स्टैंड, ट्रांजिट प्वाइंट, मेला-हाट, ईंट-भट्ठों, निर्माणाधीन स्थलों एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में बच्चों तक पहुंचने के लिए विशेष मोबाइल टीमों का भी गठन किया गया है।

#### ये है लक्षित बच्चों की संख्या

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ गौरव सिंह ने बताया कि जिले में विकासखंडवार लक्षित बच्चों की संख्या में पत्थलगांव 26,089, फरसाबहार 14,673, कांसाबेल 10,273, बगीचा 23,446, कुनकुरी 12,984, दुलदुला 6,926, मनोरा 8,285 तथा जशपुर 13,049। इसी प्रकार विकासखंडवार पोलियो बूथों की संख्या क्रमशः पत्थलगांव में 192, फरसाबहार में 147, कांसाबेल में 84, बगीचा में 219, कुनकुरी में 152, दुलदुला में 92, मनोरा में 146 तथा जशपुर में 173 निर्धारित की गई है।

#### कोई भी बच्चा वंचित न रहे

कलेक्टर रोहित व्यास ने अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए पंचायत, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, परिवहन तथा अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए है।

## खबर संक्षेप

### आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 317 ग्रामीण लाभांवित

**रायगढ़।** तमनार ब्लॉक के खुरुसलेंगा में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजन किया गया। शिविर में ज्यादतर संधिवात, आमवात, चर्मरोग, ज्वर, कास, श्वास, प्रतिश्याय, उदररोग, दौरबल्य, अनिद्रा, उच्चरक्तचाप, मधुमेह, अर्श, स्त्रीरोग, इत्यादि के रोगी पाए गए। शिविर में 317 लोगों का आयुर्वेद पद्धति से उपचार किया गया वही 79लोगो का शुगर और हीमोग्लोबिन, सिकलिंग, ब्लड ग्रुप रक्त परीक्षण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ राजेश पटेल, डॉ प्रेम नारायण राठिया, डा आस्था श्रीवास डॉ मनोज दास, एवं कर्मचारि की सक्रिय भूमिका रही।

### ठेकेदारों की मनमानी 7 गांवों का काम निरस्त

**सारंगढ़।** जल जीवन मिशन के कार्यों का लिए गए समीक्षा बैठक का कार्यवाही अब हुआ है। जिले के सारंगढ़ ब्लॉक के गांव नरगीखोल, कांदुरपाली, लुरका, बरमकेला ब्लॉक के गांव दमदमा और कस्तूरामाल में ठेकेदार ने 2 साल से कार्य बंद किया था वहीं बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम लंकाहुडा और मलूहा में ठेकेदार ने कार्य प्रारम्भ नहीं किया है। कार्यपालन अभियंता रमाशंकर कश्यप से प्राप्त जानकारी अनुसार, जिले के इन 7 गांव के कार्यों क़ो कलेक्टर ने लापरवाह ठेकेदार के आर्डर क़ो निरस्त किया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने विगत बैठक में पेयजल के कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध

**सारंगढ़।** जिले में खरीफ सीजन के लिए सेवा सहकारी समितियों में मांग अनुरूप खाद एवं प्रमाणित बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। समय पर बुवाई सुनिश्चित करने के लिए अपने विकासखंड के निकटतम सेवा सहकारी समिति से अनुशंसित मात्रा में खाद एवं बीज का शीघ्र उठाव करें तथा आवश्यक दस्तावेज साथ रखें।

### जांच के निर्देश, होगी चालानी कार्रवाई

# सावधानः सड़कों पर चलाए केजव्हील लगे ट्रैक्टर तो जब्त हो सकते हैं वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यदि सड़कों पर केजव्हील लगे ट्रेक्टर चलाए तो उसका खामियाजा वाहन खोकर भुगतना पड़ सकता है। जिले में सार्वजनिक सड़कों पर लोहे के रिंग अथवा दोहरे पिंजरे लगे ट्रैक्टरों के संचालन पर सख्ती बरती जाएगी।

ऐसे ट्रैक्टर यदि सड़क, सीमेंट सड़क अथवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर संचालित होते पाए जाएं, तो उनके विरुद्ध तत्काल चालान, वाहन जब्ती एवं मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि ट्रैक्टरों में लगाए जाने वाले लोहे के रिंग अथवा दोहरे पिंजरे केवल कृषि कार्य, विशेषकर खेतों में उपयोग के लिए बनाए जाते हैं। इन्हें हटाए बिना सार्वजनिक मार्गों पर ट्रैक्टर चलाना नियमों के विपरीत है। ऐसे पहियों के कारण सड़कें तेजी से क्षतिग्रस्त होती हैं तथा अन्य वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा भी बढ़ जाता है। जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों को विशेष जांच अभियान संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उड़नदस्ता दल द्वारा जिले के विभिन्न मार्गों पर नियमित जांच की जाएगी। जांच के दौरान लोहे के रिंग लगे ट्रैक्टर सड़क पर संचालित पाए जाने पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



# रागी उत्पादन बना आय बढ़ाने का नया मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बदलाव की शुरुआत अक्सर एक छोटे कदम से होती है। लैलूंगा विखं के वनांचल ग्राम फुठामुड़ा में यही बदलाव आज किसानों की नई पहचान बन चुका है। कभी ग्रीष्मकाल में अधिक पानी और अधिक लागत वाली धान की खेती करने वाले यहां के आदिवासी किसानों ने अब रागी मड़ुआ की खेती अपनाकर न केवल अपनी आय का नया रास्ता खोला है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी उदाहरण भी प्रस्तुत किया है।

इस परिवर्तन की अगुवाई प्रगतिशील किसान गोसाई राम राठिया ने की। कृषि विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन और जिला खनिज न्यास डीएमएफ के सहयोग से उन्होंने गांव के किसानों को संगठित किया और ग्रीष्मकाल में धान के स्थान पर कम पानी में तैयार होने वाली पोषक फसल रागी की सामुदायिक खेती शुरू कराई। वैज्ञानिक पद्धति, सामूहिक मेहनत और विभागीय सहयोग का परिणाम यह रहा कि पहली ही फसल में किसानों को उत्कृष्ट गुणवत्ता का उत्पादन प्राप्त हुआ। बेहतर बाजार और उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए किसानों ने छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के बीज उत्पादन कार्यक्रम में पंजीयन कराया। रागी सुरक्षित रखने के बाद किसानों ने 45 क्विंटल उच्च गुणवत्ता वाले रागी बीज की पहली खेप निगम को विक्रय की।

## चोरी की दो मोटर साइकिल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

बरमकेला पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की दो मोटर साइकिल बरामद की गई हैं। चोरी के बाद पड़ोसी राज्य ओड़िशा के कंधमाल जिले के एक बीहड़ और दुर्गम गांव में छिपाकर रखा था। पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

थाना प्रभारी के नेतृत्व में बरमकेला पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों पर लगातार नजर रखी जा रही थी तथा पुराने चोरी के मामलों की भी गंभीरता से जांच की जा रही थी। इसी दौरान थाना बरमकेला में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के प्रकरण की विवेचना के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही चक्रधर सिदार, पिता स्वर्गीय घुरऊ सिदार, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम कटंगपाली ब थाना बरमकेला को हिरासत में लेकर पूछताछ की। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करता रहा, लेकिन साक्ष्यों के आधार पर की गई कड़ाई से पूछताछ में उसने मोटरसाइकिल चोरी की घटना स्वीकार कर ली। बरामद वाहनों में एक मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एडब्लू 8597 तथा दूसरी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 06 जीएच 6413 शामिल है। दोनों वाहनों को विधिवत जप्त कर थाना लाया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) के अंतर्गत कार्रवाई की।




### पार्षदों ने की अंशु के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अपमानजनक भाषा और धमकी भरी पोस्ट डालने के मामले में पुसौर पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव के नेतृत्व में सभी पार्षदों द्वारा थाना प्रभारी पुसौर को सौंपे गए आवेदन के अनुसार वार्ड क्र. 08 निवासी अंशु साव द्वारा 25 जून को नगर पंचायत पुसौर के जन जागरण मंच पुसौर नामक व्हाट्सएप ग्रुप में एक पोस्ट डाली गई। आवेदन में आरोप है कि उक्त पोस्ट में वर्तमान निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए चोर, भ्रष्टाचारी, वोटी मिलना, जैसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है। साथ ही अधिकारी कर्मचारियों के गलत कार्यों में सपोर्ट करना जैसे आरोप बिना किसी प्रमाण के लगाए गए हैं। आवेदन में कहा गया है कि अंशु साव द्वारा आए दिन सोशल मीडिया पर जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध बिना प्रमाण के आरोप लगाकर अमर्यादित भाषा का उपयोग किया जा रहा है। इससे सभी जनप्रतिनिधियों की छवि धूमिल हो रही है।

### जेल में बंदियों ने ली नशामुक्त जीवन की शपथ

**रायगढ़।** जिला जेल में विशेष नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बंदियों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने का संकल्प दिलाया गया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी बंदियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों, उनके सामाजिक एवं पारिवारिक प्रभावों तथा नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। गीत संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भी नशामुक्ति का प्रभावी संदेश दिया गयाए जिसे उपस्थित सभी लोगों ने सराहा। उपसंचालक समाज कल्याण शिवशंकर पाण्डेय ने बताया कि नशा व्यक्ति की क्षमता, परिवार की खुशहाली और समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। युवाओं को नशे की लत से बचाने तथा समाज में व्यापक जनजागरूकता लाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, उपचार एवं पुनर्वास सेवाओं से जोड़ना तथा जनसहभागिता के माध्यम से नशामुक्त एवं स्वस्थ भारत के निर्माण को गति देना है।

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैशनल लेजर व्दारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी
कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
एडवांस यूरोलॉजी एवं यूरो सर्जरी विभाग
• मूत्राशय, किडनी एवं प्रोस्टेट के कैंसर का इलाज
• पेशाब की धार कमजोर होना
• पेशाब के रास्ते की जन्मजात विकृति का इलाज
• यूरिनरी ब्लेडर में पथरी की समस्या का इलाज
• किडनी स्टोन संबंधी समस्या का इलाज
• किडनी एवं मूत्र संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण
• सभी प्रकार की यूरोलॉजी सर्जरी
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार 3 नग बाईक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166